संख्या-649/2025/आई/1163795/23-1-25/004-23-1002(002)/216/2025

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,

संयुक्त सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,

लोक निर्माण विभाग,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊ::दिनांक 04 दिसम्बर, 2025**

विषय- सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त होने एवं कोषागार आधारित ऑनलाइन बजटीय प्रणाली लागू होने के फलस्वरूप लोक निर्माण विभाग में कार्य पर भारित करके आई0ओ0सी0एल0 में जमा धनराशि को वापस प्राप्त कर राजकोष में जमा की गयी धनराशि के सापेक्ष भुगतान हेतु राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-2083सी/191सी/3054/आईओसीएल/25-26, दिनांक 21.11.2025 एवं पत्र संख्या-2087सी/02सी/3054/आईओसीएल/भाग-1/25-26, दिनांक 24.11.2025 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त होने एवं कोषागार आधारित ऑनलाइन बजटीय प्रणाली लागू होने के फलस्वरूप कार्यों पर भारित कर बिटुमिन क्रय हेतु किये गये भुगतान के समायोजन हेतु आई0ओ0सी0एल0 से वापस प्राप्त कर राजकोष में जमा की गयी धनराशि के सापेक्ष **विभिन्न जनपदों के स्वीकृत 23 मार्गों हेतु कुल रू0 1,43,43,000/- (रूपये एक करोड़ तैंतालीस लाख तैंतालीस हजार मात्र) की धनराशि** चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षके-3054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से स्वीकृत/निर्गत किये जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत लागत	चालान संख्या, जिससे धनराशि कोषागार में जमा की गयी है	आई0ओ0सी0 एल0 में जमा की गयी धनराशि से वापस प्राप्त कर कोषागार में जमा की गयी धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नि.ख.-1 मुजफ्फर नगर	चुंगी नं0-2 से मिमलाना मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	119.45	BD00118 13-02-2023	5.81	5.81

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत लागत	चालान संख्या, जिससे धनराशि कोषागार में जमा की गयी है	आई0ओ0सी0 एल0 में जमा की गयी धनराशि से वापस प्राप्त कर कोषागार में जमा की गयी धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
2	प्रा.ख. बिजनौर	बदायूँ बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-51) के किमी-177 में चांदपुर आबादी भाग में सी.सी. मार्ग निर्माण कार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	104.98	CS00109 28-03-2023	10.50	10.50
3	प्रा.ख. बिजनौर	निजामतपुरा से जहानाबाद मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	44.31	CF00107 15-03-2023	2.41	2.40
4	प्रा.ख. बिजनौर	चान्दपुर बास्टा मानपुर अहरौला मार्ग के चौनेज 9.00 से 11.750 तक विशेष मरम्मत काकार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	144.19	CS00108 28-03-2023	2.50	2.50
5	प्रा.ख. बिजनौर	सी0के0डी0 मार्ग से मीरापुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	105.07	CS00107 28-03-2023	10.51	10.50
6	प्रा.ख. बिजनौर	सी0के0डी0 मार्ग से सिहाली मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	43.34	CF00106 15-03-2023	0.90	0.90
7	नि.ख.-2 आगरा	किरावली कागारौल खेरागढ़ सैंया मार्ग।	63 /2020 /681 रासनि/23-1-20-51 रासनि/20 दिनांक 17.03.2020	263.88	115 23-03-2023	8.75	8.75
8	नि.ख.-2 आगरा	सिकन्दरा बाईपुर से गढ़ी बाईपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	314/2021/1277रासनि/23-1-21-10रासनि/21टीसी-2, दिनांक 30.11.2021	71.80	115 23-03-2023	3.19	3.19
9	नि.ख.-2 आगरा	सी0ए0टी0के0 मार्ग से खेरागढ़ वाया नगला दूल्हेखां मार्ग पर सिथत ग्राम नगला दूल्हेखां, ग्राम रसूलपुर एवं कुकण्डई के क्षतिग्रस्त आबादी भाग में सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य	39 /2022 /1936 रासनि /23-1-21-10 रासनि/21 टीसी-2 दिनांक 07.01.2022	70.36	115 23-03-2023	4.50	4.50
10	नि.ख.-2 आगरा	कौलक्खा की पुलिया से रोहता नहर तक मार्ग की मरम्मत का कार्य।	35/2021/76रासनि /23-1-20-44रासनि/20, दिनांक 03.02.2021	53.26	115 23-03-2023	7.65	7.65
11	प्रा.ख. एटा	आसपुर बागवाला मार्ग	63/2020/681रासनि/23-1-20-51रासनि/20, दिनांक 17.03.2020	77.12	E80006 08-05-2023	7.98	1.96
12	प्रा.ख. एटा	एटा अलीगंज मार्ग के किमी 23 से परसौन नरौरी मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	358 /2021/1186 रासनि/23-1-21-10 रासनि/21 टी0सी0-2 दिनांक 17.12.2021	102.52	E80006 08-05-2023	10.25	10.24
13	प्रा.ख. एटा	रिजोर नाजिरपुर मार्ग से सफेदपुर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	42/2020/562रासनि/23-1-20-44रासनि/20, दिनांक 24.02.2020	44.58	E80006 08-05-2023	0.18	0.17
14	प्रा.ख. एटा	जैथरा कुरावली मार्ग से निजामाबाद मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	219 /2021/731 रासनि/23-1-21-47 रासनि/20 टी0सी0 दिनांक 05.10.2021	48.65	E80006 08-05-2023	3.76	3.76

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

क्रम सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत लागत	चालान संख्या, जिससे धनराशि कोषागार में जमा की गयी है	आई0ओ0सी0 एल0 में जमा की गयी धनराशि से वापस प्राप्त कर कोषागार में जमा की गयी धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8
15	प्रा.ख. एटा	एटा शिकोहाबाद मार्ग से विक्रमपुर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	42/2020/562रासनि/23-1-20-44रासनि/20, दिनांक 24.02.2020	47.32	E80006 08-05-2023	0.35	0.35
16	नि.ख.-1 बरेली	गैनी अखा मार्ग	63/2020/681रासनि/23-1-20-51रासनि/20, दिनांक 17.03.2020	74.05	BN00174 23-02-2023	1.57	1.23
17	नि.ख.-1 बरेली	ग्राम सैदपुर के निकट कैलाश नदी के पुल की पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं पुर्ननिर्माण का कार्य।	89 /2021/394 रासनि/23-1-21-66 रासनि/20 दिनांक 15.03.2021 ,	163.10	BR00134 27-02-2023	32.83	32.17
18	नि.ख. कौशाम्बी	बिगेरा उस्मानपुर सम्पर्क मार्ग के सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य।	362 /2021/1534 रासनि/23-1-21-44 रासनि/20 टीसी दिनांक 21.12.2021	57.85	14290017 30-03-2023	11.57	11.57
19	नि.ख. कौशाम्बी	नेवादा लुधौर से रसूलपुर मार्ग (चौनेज 0 से 500) के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का विशेष मरम्मत का कार्य।	82/2021/459रासनि/23-1-21-23रासनि/20, दिनांक 10.03.2021	48.60	14290017 30-03-2023	2.60	2.60
20	नि.ख. कौशाम्बी	कौशाम्बी हिनौता सम्पर्क मार्ग(अ0जि0मा0) कि0मी0 1 एवं 2 का विशेष मरम्मत का कार्य।	362 /2021/1534 रासनि/23-1-21-44 रासनि/20 टीसी दिनंाक 21.12.2021	61.54	14290017 30-03-2023	12.31	11.76
21	नि.ख.-1 वाराणसी	सामनेघाट बालाजी नगर जाने वाली सड़क सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	240 /2021/935 रासनि /23-1-21-39 रासनि/20 दिनांक 26.10.2021	84.43	बी 303757 दि0 03.02.2024	7.95	6.00
22	नि.ख.-1 वाराणसी	लहरतारा अकेलवा मार्ग पर कोरउत गेट से लोहरापुर सम्पर्क मार्ग पर सी0सी0 सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	194 /2020/1001 रासनि /23-1-20-47 रासनि/20 दिनांक 23.11.2020	57.42	बी 303757 दि0 03.02.2024	1.88	1.88
23	नि.ख.-1 वाराणसी	सेन्ट जान्स कालोनी के अवशेष भाग में सी0सी0 के विशेष मरम्मत का कार्य।	240 /2021/935 रासनि /23-1-21-39 रासनि/20 दिनांक 26.10.2021	50.73	बी 303757 दि0 03.02.2024	3.04	3.04
						कुल योग-	**143.43**

(1) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को दिनांक 30 अप्रैल, 2026 तक उपलब्ध करा दिया जाय। यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन कार्यों के लिए किसी अन्य आदेश से स्वीकृति/आवंटन तो प्राप्त नहीं है और यदि दोहरी स्वीकृति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त कराते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(2) लेबर सेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

(4) राज्य सड़क निधि हेतु गठित राज्य सड़क प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रयोजन हेतु व्यय की गयी है।

(5) समस्त कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाये ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय।

(6) इस निधि से स्वीकृत कार्य की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(7) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपर्युक्त परियोजनाओं के संबंध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेशों एवं यथा पुनरीक्षित शासनादेशों की शर्तों तथा उक्त के संबंध में वित्त विभाग के समस्त सुसंगत शासनादेशों की शर्तों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) तेल कम्पनियों से केवल वही धनराशियॉ वापस लेकर राजकोष में सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर दी जायेंगे, जिनका भुगतान 01.04.2022 से पूर्व किया गया है।

(9) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ऑयल कम्पनियों से वापस ली गयी धनराशि का उपयोग केवल उन्हीं कार्यों पर किया जाए, जिन कार्यों पर प्रथमत: उसे भारित कर भुगतान किया गया है। किसी भी दशा में मूल कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों पर इसका व्यवर्तन नहीं किया जा सकता है। कार्य पूर्ण होने पर यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है, तो उसे नियमानुसार कार्य के सुसंगत प्राप्ति मद में शासन के पक्ष में कोषागार में जमा कर दी जाय।

(10) प्रश्नगत धनावंटन संबंधी आदेश की प्रति, कार्यवृत्त विषयक पत्र संख्या-आई/952140/2025, दिनांक 02.05.2025 एवं पत्र संख्या-आई/962076/2025, दिनांक 14.05.2025 की प्रति सहित प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज (इलाहाबाद) को प्रेषित की जाये। महालेखाकार को प्रेषित मासिक लेखों के साथ विभाग द्वारा आई0ओ0सी0एल0 से प्राप्त कर राजकोष में जमा धनराशि के चालान की प्रतियां भी अवश्य प्रेषित की जायें।

(11) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231 /2025, दिनांक 27 मार्च, 2025

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

तथा प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 25.04.2025 के कार्यवृत्त दिनांक 02.05.2025 एवं 14.05.2025 में दिये गये निर्देशों तथा अन्य सुसंगत शासनादेशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने व्यय **रू0 1,43,43,000/- (रूपये एक करोड़ तैंतालीस लाख तैंतालीस हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 **लेखाशीर्षक "3054**043370500 राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण मानक मद 29 अनुरक्षण**"** के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-649/2025/आई/1163795(1)/23-1-25/004-23-1002(002)/216/2025, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0मंत्री जी/मा0राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।
2- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी),प्रथम एवं द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- मुख्य अभियंता (मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
5- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
6- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
9- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
10- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
11- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अभिषेक गंगवार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in